उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 02(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि डा० अमित सिंह चौहान, विधायक, बीकापुर, अयोध्या का पत्र, दिनांक 29.08.2022 जो मा० राजस्व मंत्री/मुख्य मंत्री को सम्बोधित जनपद-उन्नाव की तहसील-बॉगरमऊ के अर्न्तगत ग्राम-ननसुख खेड़ा-दशहरी रोड से निकले चकरोड जो ग्राम-हुसैनपुर नगहरी के चक गाटा संख्या 45 व चक गाटा संख्या-51 से होते हुए ग्राम-हुसैनपुर-नगहरी को जाता है पर अवैध कब्जा कर चकरोड/मार्ग को सकरा/अवरूद्ध कर दिया गया है, को खुलवाये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) | यदि हॉ, तो पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा उक्त चकरोड पर कब्जा कब से है ? | गाटा संख्या-50 क्षेत्रफल-0.3900 हे० स्थित ग्राम-हुसैनपुर नगहरी, परगना-फतेहपुर-84 तहसील-बांगरमऊ, जनपद-उन्नाव जो राजस्व अभिलेखों में प्रमुख मार्ग के नाम दर्ज है, को अवरूद्ध करने से संबंधित है। उक्त गाटा संख्या-50 क्षेत्रफल-0.3900 हे० भूमि की निशानदेही दिनांक 03.10.2022 को पूर्व में क्षेत्रीय लेखपाल/राजस्व निरीक्षक द्वारा स्थल पर जाकर कराई जा चुकी है तथा दिनांक 25.01.2023 को पुन: स्थलीय निरीक्षण कराया गया, जिसमें मौके पर उक्त चकरोड अतिक्रमित नहीं पाया गया। |
| (ग) | उक्त चकरोड मार्ग से अवैध कब्जा हटवाकर मार्ग यातायात हेतु संचालित कराने तथा उक्त के लिए उत्तरदायी/ दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) | यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।